आओ पेड़ लगायें

बारिस का मौसम में छाई हुयी हरियाली हर किसी को आकर्षित कर रही है और यदि इस हरियाली को और अधिक बनाये रखा जाए तो बात ही कुछ और है | इसी हरियाली को संजोने और बढाने का एक छोटा सा प्रयास सीटीएई के फार्म मशीनरी विभाग एवं कंप्यूटर अभियांत्रिकी विभाग के सामूहिक तत्वाधान में किया गया | पौधारोपण का की शुरुआत सीटीएई के अधिष्ठाता डॉ. सुनील जोशी द्वारा की गयी | फार्म मशीनरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सांवल सिंह मीना ने बताया कि विभाग द्वारा नई वर्ष की शुरुआत भी प्रतिवर्ष पौधारोपण के साथ की जाती है| आज के इस पौधारोपण के कार्यक्रम में सजावटी पौधों के साथ साथ फलदार एवं छायादार वाले जैसे आम, जामुन, मोलश्री, अशोक, बादाम, ताड़ एवं हरसिंगार के पैतींस पौधे लगाये गए | कार्यक्रम के दौरान कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना जैन, डॉ सचिन वान्डकर, डॉ. एम एस खिडिया, नरेन्द्र यादव , डॉ नवीन जैन, भरत कुमार एवं अन्य शोध छात्रों ने अपने अपने पौधे लगा कर उन्हें बड़ा करने का संकल्प लिया|